SARDAR PATEL UNIVERSITY OF POLICE, SECURITY & CRIMINAL JUSTICE
(Established Under State Legislative Assembly Act of Govt. of Rajasthan)
Daizer, Mathaniya Road, Jodhpur -342304 (Raj)
Tel. No. 0291-3062036

क्रमांक : एसपीयूपी/2019–20/दीक्षांत समारोह/1483 दिनांकः 04/07/19

## सीमित निविदा सूचना

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्ड़िक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर का प्रथम दीक्षान्त समारोह, दिनांक 18 जुलाई, 2019 को आयोजित किया जा रहा है। उक्त समारोह के आयोजन हेतु टेन्ट, सोफा–सेट, कुर्सियां एवं ऑडिटोरियम हॉल, समारोह स्थल व उसके आस–पास जगह पर सौन्दर्यकरण आदि के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसकी अनुमानित लागत 1,50,000 रू हैं। इच्छुक निविदा दाता समस्त कर सहित अपनी दरें फर्म के लेटरपेड पर बन्द लिफाफे में दिनांक 08.07.2019 दोपहर 01:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय को उपलब्ध करायें तथा प्राप्त की गई निविदाओं को उसी दिन दिनांक 08.07.2019 दोपहर 02:30 बजे उपस्थित निविददाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी प्रशासनिक कार्यालय में कार्य दिवसों में कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
2. दरें शब्दो व अंको दोनों में लिखी जावेगीं। इनमें त्रुटियां या अधिलेखन (over writing) नहीं होना चाहिये। यदि कोई शुद्धियाँ करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं दिनांक सहित उन पर लघुहस्ताक्षर किये जाने चाहिये। दर समस्त करों सहित दी जावें।
3. दरें गन्तव्य स्थान तक एफ.ओ.आर. उद्वत की जानी चाहिये तथा उनमें सभी आनुषंगिक (Incidental) प्रभारों को शामिल करना चाहिये तथा कोई गाड़ी भाड़ा (कार्टेज) या परिवहन प्रभारों का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा।
4. भुगतान निविदादाता द्वारा क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा तथा सभी प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा वहन किये जायेगें।
5. जिन निविदादाताओं की दरें क्रय कमेटी द्वारा अनुमोदित की जायेगी उन्हें समय–समय पर कार्यालय की मांग एवं आवश्यकतानुसार कार्य आदेश जारी करने पर अनुमोदित दर पर फर्म को आपूर्त्ति करनी होगी।
6. निविदादाता को दिये गये नियत समय पर तथा नियत स्थान पर 500–550 व्यक्तियों हेतु सम्पूर्ण टेन्ट की व्यवस्था एवं सौन्दर्यकरण का कार्य पूर्ण करना होगा।
7. निविदादाता को भोजन की व्यवस्था हेतु सभी टेबल, सोफा, कुर्सी टेबल के उपर मेज पोस, कुर्सियों के उपर कवर, सोफे के उपर कवर लगाना, बारदान लगाना, उनकी सफाई करवाना आदि की व्यवस्था करनी होगी। यह कार्य भोजन वाले का नहीं होगा तथा इस कार्य के लिए कोई भी वेटर या मजदूर आपको विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा।

8. सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कर निविदादाता क्रेता अधिकारी से जाँच करवायेगा। क्रेता अधिकारी की संतुष्टि अपेक्षित रहेगी।
9. टेन्ट संबंधी सामग्री साफ–सुथरी एवं उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए तथा क्रेता अधिकारी के अनुरोध पर उनको बदलने की जिम्मेदारी निविदादाता की ही होगी।
10. बरसात के मौसम के अनुसार टेन्ट को बारिश से सुरक्षित करने की व्यवस्था निविदादाता को करनी होगी, ताकि टेन्ट उड़े नहीं एवं टेन्ट के अन्दर पानी का प्रवेश नहीं हो ।
11. ऑडिटोरियम (हॉल) के सौन्दर्यकरण में प्रयुक्त किये जाने वाले फूल ताजे और सामग्री साफ–सुथरी एवं नई होनी चाहिए तथा क्रेता अधिकारी को जाँच करवाकर उनको सुपुर्द करना होगा। क्रेता अधिकारी की संतुष्टि अपेक्षित रहेगी।
12. फर्म/ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाडे (सब लैट) पर नहीं देगा।
13. क्रय कमेटी को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना बताये अस्वीकृत कर सकेंगे।
14. निविदा को दिनांक 08.07.2019 को 2:30 बजे खोला जायेगा। यदि किसी कारणवश उस दिन का अवकाश रहता है अथवा निविदा नहीं खोली जाती है तो अगले कार्यदिवस उसी समय व उसी स्थान पर निविदा खोली जायेगी।
15. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 में और उपरोक्त दी गई शर्तों में विरोधाभास की स्थिति में आरटीपीपी एक्ट एवं नियम प्रभावी होगा।
16. किसी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर होगा।
17. उन फर्मों को प्राथमिकता दी जायेगी जिनके पास वि.वि. में दीक्षान्त समारोह के आयोजन का कार्यानुभव हो।

## कार्य क्षेत्र–

1. ऑडिटोरियम (हॉल) के स्टेज पर माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय एवं 10 अन्य विशिष्ट अथितियों के बैठक व्यवस्था एवं स्टेज सौन्दर्यकरण नवीन एवं ताजे फूलों से करना होगा।
2. दीक्षान्त समारोह का आयोजन आई.आई.टी. ऑडिटोरियम हॉल में किया जायेगा। उक्त दीक्षान्त समारोह उपरान्त भोजन व्यवस्था हेतु 500–550 व्यक्तियों के लिए जल प्रतिरोधी डोम/टेन्ट (**water proof dome**) एवं टेबल–कुर्सी मय कवर व सोफा इत्यादि की व्यवस्था करनी होगी।
3. दीक्षान्त समारोह के आयोजन के दौरान, मौके पर प्रदान किये जाने वाले कार्यों का संपादन करना होगा।

कुलसचिव
एसपीयूपी, जोधपुर
Mob. - 8107583837